# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश। सभी जिलों में घुसपैठियों के लिए बनाए जाएंगे अस्थायी डिटेंशन सेंटर।
- मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में की माघ मेला दो हजार छब्बीस की तैयारियों की समीक्षा। कहा– पन्द्रह दिसम्बर तक कार्यों को पूर्ण करें सम्बन्धित विभाग।
- बिजली उपभोक्ताओं के हित में विद्युत नियामक आयोग का बड़ा निर्णय। लगातार छठवें वित्तीय वर्ष बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं।
- चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा का अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने भी किया स्वागत।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठ पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करे और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि घुसपैठियों को रखने के लिए प्रत्येक जनपद में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाएं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रयागराज पहुंच कर माघ मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने सभी सम्बन्धित विभागों को पन्द्रह दिसम्बर तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि माघ मेला 2026 की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मेले को 800 हेक्टेयर में बसाने की कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के साथ पूरे आयोजन को भव्यता–दिव्यता के साथ संपन्न करेंगे।

***टेंट सिटी का निर्माण भी यहां पर इस दौरान किया जा रहा है। मेरा पूरा विश्वास है कि सभी संबंधित रेलवे, आर्मी इन सब के साथ बैठक यहां पे सम्पन्न हुई है और सभी के स्तर पर मेला की प्रगति युद्ध स्तर पर है। मुझे पूरा विश्वास है कि माघ मेला अपनी एक नई ऊंचाई तक पहुंच करके उन सभी श्रद्धालुओं को जो कल्प वास करने के लिए आते हैं, अपने संकल्प और साधना को आगे बढ़ाते हैं। उन श्रद्धालुओं के साथ–साथ इस पूरे आयोजन को हम लोग पूरी भव्यता के साथ दिव्यता के साथ संपन्न कर पाएंगे।***

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने गंगा–यमुना की निर्मलता और अविरलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिया कि बिना शोधन एक बूंद भी अपशिष्ट जल नदियों में न जाने पाए।

**********

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी व पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने लखनऊ में चल रहे 26वें अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधीश सम्मेलन के दूसरे दिन, कल कहा कि भारत के अंतरिक्ष मिशन ने नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2035 तक भारत अंतरिक्ष में खुद का अंतर्राष्ट्रीय स्टेशन स्थापित करेगा।

***वह हमारी जो कल्पना और हमारी जो योजना है अगर हम सही तरीके से उसकी जो हमारी समय सीमा है जो हमारी टाइम लाइन में है अगर हम उस पर कायम रह पाए तो संभवत 2035 तक हमारा एक अपना इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन होगा जिसका नाम होगा भारतीय स्पेस स्टेशन और 2040 तक भारतीय मूल का एक मालिक चांद की धरती पर उतर पाएगा।***

इस कार्यक्रम में लखनऊ निवासी और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी मौजूद रहे। श्री शुक्ला ने भी सत्र को संबोधित किया।

**********

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कल गाजियाबाद के निट्रा पहुँच कर अलसी की फसल का निरीक्षण किया और देश के पहले मैकेनिकल ज्वलन समानाधिक परीक्षण उपकरण को उद्योग जगत को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि अलसी की फसल का भविष्य बेहद उज्ज्वल है और यह भारत में वस्त्र जगत को नई दिशा देने वाला 'क्रांतिकारी फाइबर' साबित होगा।

**********

राजधानी लखनऊ 61 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत स्काउट्स और गाइड्स के महाकुम्भ 19वें राष्ट्रीय जम्बूरी की मेज़बानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह आयोजन आज से 29 नवंबर तक डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होगा। 'सशक्त युवा विकसित भारत' थीम पर आधारित इस 'डायमंड जुबली' कार्यक्रम में देश भर से लगभग 30 हजार स्काउट–गाइड और यूनिट लीडर्स के साथ 1500 विदेशी प्रतिभागियों समेत कुल 33 हजार से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

**********

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। बीएलओ मतदाताओं को एसआईआर गणना प्रपत्र वितरित कर भरे हुए प्रपत्र वापस ले रहे हैं। एसआईआर में मतदाताओं को चार दिसम्बर तक गणना प्रपत्र भर कर जमा करना है।

**********

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के हित में उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने एक बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत लगातार छठवें वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस में भी बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। राज्य में बिजली की दरें अन्तिम बार वित्तीय वर्ष दो हजार उन्नीस–बीस में बढ़ी थी। आयोग ने नोएडा पावर कम्पनी लिमिटेड में भी बिजली की दरें यथावत रखने का आदेश दिया है।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में 25 नवंबर को होने वाले भव्य ध्वजारोहण से पहले धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हो चुके हैं। कल यज्ञमंडप में वैदिक आचार्यों ने पंचांग पूजन, गणपति पूजन और नवग्रह पूजन के उपरांत अनुष्ठान की सभी विधियां प्रारंभ कीं। वहीं प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर सजावट और तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता शहर की सुंदरता और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देना है।

***हमारे देश के प्रधानमंत्री ने अपने संकल्प के अनुसार 25 तारीख को भगवान श्रीराम के मंदिर का ध्वजारोहण करके संपूर्णता प्रदान करेंगे और देश दुनिया में भगवान श्रीराम का पूर्ण मंदिर अब लोगों के दर्शनार्थ खुलेगा।***

**********

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय दो दिसंबर से तमिलनाडु और काशी के बीच ज्ञान परम्परा और सभ्यता से जुडे संबंधों को मनाने के लिए काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम आईआईटी मद्रास और बीएचयू वाराणसी द्वारा किया जा रहा है तथा इसे संस्कृति, सूचना और प्रसारण, पर्यटन तथा वस्त्र मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों का समर्थन प्राप्त है।

**********

देश के मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने की केन्द्र सरकार की घोषणा का अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन–आईएलओ और अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ जैसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी स्वागत किया है। उन्होंने इन सुधारों को सामाजिक सुरक्षा और न्यूनतम वेतन ढांचे को बेहतर बनाने तथा संस्थागत क्षमता निर्माण की दिशा में इसे एक बड़ा कदम करार दिया। नयी श्रम संहिताओं को लेकर कर्मचारियों में भी खुशी का माहौल है। बरेली के मुकेश तिवारी ने कहा कि अलग–अलग क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए यह क्रांतिकारी कदम है।

***निश्चित तौर पर जो भारत सरकार ने लेबर लॉ में जो हर चीज तो यह क्रांतिकारी करता क्योंकि आज के लॉ में बदलाव हुआ है। वह बदलाव में आने के बाद जो गैर सरकारी जो प्राइवेट सेक्टर में काम करते हैं चाहे वह फैक्ट्री में काम करते हैं, चाहे खनन में काम करते हैं, मीडिया में काम करते हैं, डिफरेंट साइड में काम करते हैं खास महिलाएं हैं तुम्हारी। उनकी भी नाइट शिफ्ट है, उनके काम आप मतलब यूनिफॉर्म पॉलिसी लाइक और उसके माध्यम से प्रचारियों को जो प्राइवेट कर्मचारी हैं क्या कहें सुधार आएगा और उनकी सामाजिक सुरक्षा भी बढ़ेगी।***

**********

गोवा के पणजी में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सितारों की चमक बरकरार है। फिल्म महोत्सव के तीसरे दिन एक विशेष मास्टरक्लास में प्रसिद्ध फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा ने जीवन, सिनेमा और कहानी की कला के बारे में बातचीत की। कार्यक्रम में अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि दूरदर्शन ने कई पीढ़ियों को सिनेमा की दुनिया से परिचित कराया और भारतीय रचनात्मक स्मृति को स्थायी बताया। दूरदर्शन के महानिदेशक ने डिजिटल बदलाव के साथ सुरक्षित और पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करने में वेव्स ओटीटी की भूमिका को रेखांकित किया। फिल्म महोत्सव के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो देशभर के 16 राज्यों की लोक कला प्रस्तुतियाँ लेकर आया है।

**********